## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## हेराफेरी से न जाए

शहर की संस्था चौड़ीकरण के कार्यों को अंजाम दे रही है। चौड़ीकरण के इन कामों को ठेके पर उठाया गया है। इसके तहत एक ही मार्ग पर एक से अधिक ठेका एजेंसियों को काम दिया गया है। ये ठेका उनकी दर पर ही दिया गया है और निर्माण की स्थिति इसमें शहर की संस्था की है। इन निर्माणों में चौड़ीकरण तो उतना ही किया जा रहा है जितना निविदा में बताया गया है लेकिन अन्य कार्यों में धीरे से हेरफेर किया जा रहा है। इस हेराफेरी की तरफ बहुत कम ही ध्यान दिया जा रहा है । समय कम होने के कारण भी इस पर ज्यादा गौर नहीं किया जा रहा है। इसका लाभ लेने में देरी नहीं की जा रही है। चौड़ीकरण की नालियों या नाला कहें उसके लिए निविदा में कुछ और लिखा गया है और धरातल पर कुछ और ही हो रहा है।




नाली / नाली की गहराई, ऊंचाई, चौड़ाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चौड़ीकरण के कारण वर्तमान में भवन नीचे हो गए हैं और नाला / नाली ऊंचे हो गए हैं। ऐसा एक आध नहीं ज्यादा क्षेत्रों में देखने में आ रहा है। खास उन क्षेत्रों में जहां मजदूर वर्ग के लोग हैं जिनके आवास ही पट्टे पर हैं। न तो उन्हें निविदा की जानकारी है और ना ही निर्माण होने वाले नाले / नाली के आकार की स्थिति ही स्पष्ट है। शहर की संस्था की और से भी निर्माण को लेकर सार्वजनिक सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है कि ठेकेदार कौन है। एजेंसी का नाम क्या है। कौन सा काम किस ग्रेड से किया जाएगा। मात्र यंत्री जी को मालूम है और फिर ठेकेदार को। कुल्हड़ में गुड फोड़ने के परिणाम की स्थिति यह होना ही है। ये बात अलग है कि जिम्मेदार यंत्री उसमें अपनी जंत्री ठेकेदार के साथ बनाने में लगे हुए हैं। खुसूर-फुसूर है कि ऐसे कई निर्माण में कहीं सड़क एक फूट कम कर रनिंग में खेल हो रहा है तो कहीं कुल पोल की जगह पोल की संख्या कम कर दी गई है। हेराफेरी की स्थिति तो निविदा और सार्वजनिक सूचना पट्ट पर ही स्पष्ट हो सकती है। अभी तो एक भी ऐसा निर्माण कार्य आमजन के देखने में नहीं आ रहा है जहां पूरी निविदा का सार्वजनिक सूचना पट्ट आम जन के लिए सार्वजनिक किया गया हो।

## न्यूज कॉलम

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने श्री राम जानकी मंदिर को भेंट की ई-हुंडी



**उज्जैन।** सामाजिक सरोकार व सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा नीलगंगा स्थित ऐतिहासिक श्री राम जानकी मंदिर को एक डिजिटल 'ई-हुंडी' भेंट की गई।इस आधुनिक सुविधा के शुरू होने से अब मंदिर में आने वाले श्रद्धालु और देश-विदेश के भक्त जन सीधे ऑनलाइन माध्यम से डिजिटल दान कर सकेंगे। यह पहल डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने और मंदिर की दान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी व सुलभ बनाने के उद्देश्य से की गई है।इस अवसर पर इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हरी रमन, उज्जैन शाखा के प्रबंधक प्रेम नारायण सिंह तथा ओवरसीज बैंक यूनियन के प्रदेश महासचिव विपिन सिंह सतोरिया सहित बैंक का अन्य स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा।ई-हुंडी के लोकार्पण के दौरान मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य व ट्रस्टी तुलसी मनवानी, अमिताभ त्रिपाठी एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। मंदिर ट्रस्ट ने बैंक की इस अनूठी और जन-कल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंधन और स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर 50 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**उज्जैन।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शहर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कोटक म्यूचुअल फंड के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर महादान का संदेश दिया। फ्रीगंज स्थित आचार्य विद्यासागर भवन में यह शिविर म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा और जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में स्वस्थ नागरिकों, म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अनुराग जैन, म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल पंड्या और कोटक के उज्जैन ब्रांच हेड पंकज शर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में एसोसिएशन के पदाधिकारी वैभव बंसल, अनुपम अग्रवाल, अजय तिवारी, विजय सोनी और अशोक गांधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। म्यूचुअल फंड एसोसिएशन के मेंटर अभिलाष जैन और आशीष धारीवाल ने बताया कि रक्तदान एक सुरक्षित और महान सामाजिक दायित्व है। इससे अनेक जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। समाज सेवा का संदेश देते हुए स्वयं अभिलाष जैन, आशीष धारीवाल, ऋषभ धारीवाल, प्रतीक जैन, अंशुल पाटीदार और आकाश शर्मा ने भी रक्तदान किया।

श्रद्धालुओं ने बैरिकेड्स लांघकर शीघ्र दर्शन की लाइन में किया था प्रवेश

# महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच मारपीट

### प्रारंभिक जांच में श्रद्धालुओं की गलती सामने आई, दोनों सुरक्षाकर्मियों को हटाया, गणेश मंडपम् का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में एक बार फिर से दर्शनार्थियों एवं सुरक्षाकर्मियों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। घटना गुरूवार सुबह की बताई जा रही है। मंदिर प्रबंध समिति के सुरक्षा प्रभारी जयंत राठौर के अनुसार सामान्य दर्शन की लाइन में लगे श्रद्धालुओं ने बैरिकेड्स लांघकर शीघ्रदर्शन की लाइन में प्रवेश किया था। रोकने गए सुरक्षाकर्मियों की कालर पकड़ी थी। विरोध के कारण ऐसी प्रतिक्रिया हुई। हालांकि दोनों सुरक्षाकर्मियों को पाइंट से हटा दिया गया है। जांच की जा रही है।

महाकाल मंदिर में एक बार फिर श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। मंदिर परिसर के गणेश मंडपम् का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। वीडियो में दो युवकों के साथ सुरक्षाकर्मियों की धक्का-मुक्की और मारपीट होती दिखाई दे रही है। वीडियो सामने आने के बाद श्रद्धालुओं और महाकाल भक्तों ने मंदिर कर्मचारियों के व्यवहार पर सवाल उठाए हैं।

#### अधुरा वीडियो वायरल

यह घटना 11 जून की सुबह करीब 6:45 बजे की सामने आ रही है। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि दो युवक दर्शन के लिए आगे बढ़ रहे हैं, तभी सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकते हैं। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ जाता है और स्थिति हाथापाई तक पहुंच जाती है। घटना का वीडियो किसी श्रद्धालु ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। वायरल वीडियो को मंदिर प्रबंध समिति ने अधूरा एवं एक पक्षीय बताया है।

#### मंदिर समिति ने फुटेज जारी किए

वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई मंदिर प्रबंध समिति ने अपना पक्ष रखते हुए सीसीटीवी फुटेज जारी किया है। समिति के अनुसार संबंधित युवक सामान्य कतार में लगे हुए थे, लेकिन उन्होंने बैरिकेडिंग पार कर शीघ्र दर्शन वाली लाइन में प्रवेश करने का प्रयास किया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने और समझाने की कोशिश की, जिसके बाद विवाद की स्थिति बनी। सुरक्षा प्रभारी श्री राठौर के अनुसार वीडियो वायरल करने वाले श्रद्धालु ने एक पक्षीय वीडियो जारी किया। मंदिर समिति ने जब वीडियो निकलवाया तो उसमें सामने आया कि दोनों श्रद्धालुओं ने बैरिकेड्स लांघा और उसके बाद उन्हें रोकने गए सुरक्षाकर्मियों के साथ अभद्रता की। कालर पकड़ी, गालियां दी। इससे विवाद की स्थिति रही। निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए संबंधित सुरक्षाकर्मियों को फिलहाल गणेश मंडपम ड्यूटी से हटा दिया गया है।

अधिक मास में मंदिरों के आजू-बाजू परेशान होते श्रद्धालु

# लघुशंका स्थलों पर ताले, घाट पर कपड़े बदलने के लाले

### 84 महादेव मंदिरों के पास अतिक्रमण जैसे हाल, श्रद्धालुओं की सुविधा बेहाल







**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अधिकमास में शहर के 84 महादेव मंदिरों, नौ नारायण मंदिरों एवं सप्तसागर के आजू-बाजू श्रद्धालुओं को परेशान होते देखा जा रहा है। खासकर महिला श्रद्धालुओं को। इन धर्मस्थलों के आसपास लघुशंका स्थलों पर ताले लगे हुए हैं और धर्म मास में घाट पर कपड़े बदलने के लाले हैं। 84 महादेव मंदिरों के आसपास पक्के अतिक्रमण किए गए हैं। श्रद्धालु को सिर्फ दुधारू गाय बना दिया गया है। मंदिर से जुड़ी सुविधा के उपयोग का हकदार नहीं ऐसे हाल बना दिए गए हैं।

धार्मिक मास का अंतिम दौर चल रहा है। इस दौरान श्रद्धालु बड़ी ही तन्यमता के साथ अपने धर्म-कर्म में लगे हुए हैं। ऐसे में मोक्षदायिनी उत्तर वाहिनी शिप्रा के जल में स्नान, दीप दान एवं भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुच रहे हैं।

#### घाट पर कपड़े बदलने की दिक्कत

शिप्रा तट रामघाट पर तड़के से ही बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं का जुटना शुरू हो जाता है। स्नान के उपरांत महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए यहां रखे चेंजिंग रूम में ताले लगे हुए हैं। लघुशंका स्थल को बंद कर दिया गया है। घाट के सामने ऊपर दुदेश्वर महादेव के पास के हिस्से में पूजा करवाई जाती है जिससे कि वहां भी महिलाएं वस्त्र बदलने नहीं जा पाती हैं। ऐसे में मात्र कुछ पर्दे की आड़ में ही महिलाओं, युवतियों को वस्त्र बदलने होते हैं या फिर उन्हें गिले वस्त्रों में ही अपना पूजन-पाठ पूर्ण करना होता है। ऊपर के हिस्से में ही दुदेश्वर महादेव की बाजू में निर्माण के वेस्ट मटेरियल एवं गंदगी का ढेर लगा हुआ है।

#### मंदिरों के लघुशंका स्थलों पर ताले

रामघाट से उपर की और हरसिद्धि के पीछे वाले मार्ग पर स्थिति 84 महादेव में से एक के पूजन के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं जुटती हैं। यहां पर मंदिर के सामने की ओर पक्का लघुशंका स्थल बना है लेकिन इस पर ताले लटके हुए होते हैं। इसका व्यक्तिगत उपयोग ही हो रहा है जबकि मार्ग सार्वजनिक है और मंदिर भी। मंदिर में दर्शन कर दान करने वाली श्रद्धालु महिलाओं को भी इस लघुशंका स्थल का उपयोग नहीं करने दिया जाता है।यहां आने वाली महिला श्रद्धालुओं को भी इसका उपयोग नही करने दिया जाता है।

#### बैरिकेड्स गमला बना

सिंहस्थ में भीड़ प्रबंधन के उपयोगी बैरिकेड्स का बाद में कैसा उपयोग होता है संभवतः आमजन इससे अंजान होगा। नदी किनारे के हिस्सों में बैरिकेड्स बेतरतीब हैं। हरसिद्धी मंदिर के पीछे से रामघाट के रास्ते पर जाने के दौरान बैरिकेड्स गमला बना दिया गया है। इस गमले में जंगली पौधे पनाह पा रहे हैं।

नगर निगम के कार्यों में रुचि नहीं

# ठेकेदारों का नगद भुगतान वाले कामों पर ज्यादा ध्यान




**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नगर निगम द्वारा शहर में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन इन कार्यों को लेकर ठेकेदारों की घटती रुचि अब चिंता का विषय बनती जा रही है। नगर निगम परिषद का कार्यकाल साढ़े चार वर्ष के करीब पहुंच चुका है और लगभग 7-8 माह बाद नए महापौर एवं पार्षदों के चुनाव होने हैं। ऐसे में कई पार्षद स्वयं को विकास कार्यों के मामले में उपेक्षित और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

- पार्षदों का कहना है कि उनके वार्डों में आवश्यक निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए लगातार प्रयास करने के बावजूद कई योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि निगम द्वारा जारी की जा रही निविदाओं में ठेकेदार रुचि नहीं ले रहे हैं। परिणामस्वरूप कई टेंडर बार-बार रिकॉल करने की नौबत आ रही है।
- निगम से जुड़े सूत्रों के अनुसार कई ठेकेदारों के भुगतान वर्षों से लंबित रहने के कारण निर्माण एजेंसियों का भरोसा कम हुआ है। बताया जा रहा है कि कुछ ठेकेदारों का तीन से चार वर्षों से भुगतान अटका हुआ है, जिसके चलते वे आर्थिक संकट में फंस गए हैं। बैंक ऋण, बाजार की देनदारियों और वित्तीय दबाव के कारण अनेक ठेकेदारों ने निगम के कार्यों से दूरी बना ली है। एक समय नगर निगम में 150 से अधिक सक्रिय ठेकेदार थे, लेकिन वर्तमान में गिने-चुने ठेकेदार ही निगम के कार्यों में भागीदारी कर रहे हैं।

- **मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास कार्यों में दिखी भारी प्रतिस्पर्धा-** मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास कार्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की निविदाएं जारी होते ही बड़ी संख्या में ठेकेदार मैदान में उतर आए। इन कार्यों में ठेकेदारों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और कई कार्य निर्धारित एसओआर से 18 से 25 प्रतिशत तक कम दरों पर स्वीकृत हुए।
- **गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल-** अत्यधिक कम दरों पर स्वीकृत कार्यों की गुणवत्ता को लेकर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। ऐसे में यह सवाल सामने आ रहा है कि क्या संबंधित ठेकेदार शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कर पाएंगे और क्या ये निर्माण कार्य लंबे समय तक टिकाऊ साबित होंगे।
- **इंजीनियरों पर अतिरिक्त बोझ-** निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निगम के विभिन्न जोनों में इंजीनियरों की तैनाती की गई है, लेकिन वर्तमान में इन्हीं अधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन, जनगणना, निर्वाचन कार्य, सीएम हेल्पलाइन और अन्य प्रशासनिक दायित्वों में भी लगाया गया है। इसके कारण निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।
- **थर्ड पार्टी जांच पर भी उठ रहे प्रश्न-** शासन के निर्देशों के अनुसार मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास कार्यों का भुगतान इंजीनियरिंग कॉलेज तथा मुख्य अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी, भोपाल द्वारा थर्ड पार्टी जांच के बाद ही किया जाना चाहिए। हालांकि शहर में चल रहे कई निर्माण कार्यों को लेकर यह आरोप सामने आ रहे हैं कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार न तो थर्ड पार्टी जांच कराई जा रही है और न ही गुणवत्ता परीक्षण की व्यवस्था प्रभावी रूप से दिखाई दे रही है।

ग्रहों के राजा सूर्य बदलने जा रहे अपनी चाल

# कुछ राशियों के लिए होगा चुनौतीपूर्ण समय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वैदिक ज्योतिष के अनुसार 16 जून को सूर्य देव मिथुन राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। सूर्य के इस राशि परिवर्तन का असर सभी 12 राशियों पर दिखाई देगा, लेकिन तीन राशियों के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। इन जातकों को नौकरी, कारोबार, आर्थिक मामलों और प्रतिष्ठा से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

वैदिक ज्योतिष में सूर्य ग्रह को विशेष महत्व दिया गया है।सूर्यदेव को ऊर्जा, आत्मविश्वास, पद और प्रतिष्ठा का कारक माना जाता है। ज्योतिष गणनाओं के अनुसार, सूर्य प्रत्येक माह एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिलता है। 16 जून को सूर्यदेव मिथुन राशि में गोचर करने जा रहे हैं। यह परिवर्तन कुछ राशियों के लिए चुनौतियां और परेशानियां लेकर आ सकता है।



कार्यों में रुकावट, मानसिक तनाव, आर्थिक दबाव और रिश्तों में मतभेद जैसी स्थितियां बन सकती हैं। ऐसे में संबंधित राशि वालों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होगी। उज्जैन के प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य आनंद भारद्वाज के अनुसार, तीन राशि के जातकों के लिए यह परिवर्तन बेहद अशुभ माना जा रहा है। रुके हुए कार्यों में असफलता, भाग्य का साथ न होना आइए जानते है वह राशि और सूर्य ग्रह के दुस्ट परिणाम से बचने के अचूक उपाय।

#### तीन राशियों को रहना होगा सावधान

मेष झ्र सूर्य का मिथुन राशि में प्रवेश कुछ जातकों के लिए चुनौतियां भी लेकर आ सकता है। करियर और कारोबार में अपेक्षित सफलता मिलने में देरी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावटें आने से मानसिक तनाव बढ़ सकता है। विदेश यात्रा, शिक्षा या वीजा से जुड़े मामलों में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत रहेगी, क्योंकि अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं। इस दौरान धैर्य और समझदारी से लिए गए फैसले ही नुकसान से बचाने में मदद करेंगे।

वृश्चिक झ्र इस राशि के लोगों के लिए आने वाला समय चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में अपेक्षित सफलता मिलने में देरी होगी और नौकरीपेशा लोगों पर काम का दबाव बढ़ सकता है। आय में रुकावटें आने की संभावना है। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अभी और प्रयास करने पड़ सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में मनचाहे परिणाम न मिलने से निराशा हो सकती है। परिवार में किसी बात को लेकर तनाव बढ़ सकता है और संतान पक्ष से भी चिंता की स्थिति बन सकती है।




